(ख) क्या उनमें से कुछ सामाजिक सेवा कार्य में लगे हुये हैं, और यदि हां तो उनकी संख्या क्या है ; और

(ग) भारत में ये लोग किन-किन प्रमुख धंधों में लगे हैं ?

**गृह-कार्य उपमंत्री (श्री दातार)** :

(क) ३१ दिसम्बर, १९५४ को भारत में रजिस्टर्ड विदेशियों की संख्या ३९,३७० है ।

(ख) हां । ६६८ ।

(ग) व्यापार, मिशनरी कार्य, अध्ययन, चिकित्सा और सामाजिक कार्य और यात्रियों के रूप में ।

## भारतीय प्रशासन सेवा

५६. **श्री एच० आर० नवानी** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५२ से अब तक देश में ली गई भारतीय प्रशासन सेवा परीक्षाओं में कितनी महिलायें बैठी हैं ;

(ख) कितनी सफल हुई हैं; और

(ग) कितनों की नियुक्ति हुई है ?

**गृह-कार्य उपमंत्री (श्री दातार)** : (क) से (ग). एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है [देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध सं० ३३].

## कच्चा लोहा

५७. **श्री अमर सिंह डामर** : क्या प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५४ में देश में कच्चे लोहे का उत्पादन बढ़ाने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) १९५४ में कुल कितना उत्पादन हुआ था; और

(ग) यदि निर्यात किया गया है तो उसकी मात्रा क्या है ?

**प्राकृतिक संसाधन मंत्री (श्री के० डी० मालवीय)** : (क) भारत में अच्छी किस्म के कच्चे लोहे के बड़े बड़े भू-भंडार हैं । रुर्केला और भिलाई में दो नये लोहे और इस्पात के प्लांट स्थापित करने के सिलसिले में कुछ निक्षेपों म मौजद माल की ठीक ठीक मात्रा मालम करने और कच्चे लोहे का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारतीय खनिज विभाग द्वारा व्यधन (ड्रिलिंग) अनुसन्धान किये जा रहे हैं । यह निक्षेप उड़ीसा में टालडी, और द्रुग जिले में डाल्ली-राफार पहाड़ियों के नजदीक हैं ।

(ख) भारतीय भूतत्वीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा उपलब्ध सामग्री के आधार पर, सूचित मात्रा ४३,०८,२७३ टन ।

(ग) १०,५३,००० टन ।

## States Reorganisation Commission

58. **Chaudhri Muhammed Shaffee:**
**Shri Krishnacharya Joshi :**

Will the Minister of Home **Affairs** be pleased to state the total amount spent on States Reorganisation Commission under the heads—(i) Salary, (ii) Travelling Allowance, (iii) Daily Allowance and (iv) other miscellaneous expenditures?

**The Minister of Home Affairs (Shri Pandit G. B. Pant )** : Details of the expenditure on daily allowance as distinguished from Travelling allowance are not for the present separately available. The total expenditure incurred on account of the States Reorganisation Commission upto 30th September 1955 is as follows:

| | Rs. |
|---|---|
| Salary | 6,52,328—0—0 |
| Travelling Allowance inclusive of Daily Allowance . | 1,48,773—7—0 |
| Other miscellaneous expenditure . . | 2,05,567—14—3 |